# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 05 सुलतानपुर शनिवार 09 नवम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## महाराष्ट्र में सार्वजनिक रूप से सावरकर और बाल ठाकरे की तारीफ करके दिखाएं राहुल गांधी को पीएम मोदी की चुनौती

एजेंसी।

महाराष्ट्र नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की चुनौती दी। मोदी, जिन्होंने चुनावी राज्य महाराष्ट्र में अपना हाई–वोल्टेज अभियान शुरू किया, ने राहुल गांधी के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों को चुनौती दी। महा विकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे का शिवसेना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा नहीं मिलने दिया। कांग्रेस के लोग वीर सावरकर को गाली देते हैं। महाराष्ट्र की धरती पर आकर वीर सावरकर का अपमान करते हैं।नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं.. वो कांग्रेस के नेताओं से बाला साहब ठाकरे की, उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं। प्रधानमंत्री का निशाना उद्धव ठाकरे थे, जिनकी शिवसेना (यूबीटी) अपने संस्थापक बाल ठाकरे के दर्शन पर आधारित एक हिंदुत्व पार्टी है और सावरकर को मराठा नायक मानती है। वीडी सावरकर का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी भाजपा के लिए प्रेरणा थे लेकिन महाराष्ट्र में कांग्रेस ने केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी ने आगे कहा कि आज 8 नवंबर है। मैंने चुनौती दी है। अब मैं दिन गिनूंगा। एमवीए सहयोगियों को कांग्रेस नेताओं या उनके युवराज को सावरकर की प्रशंसा में 15 मिनट तक बोलने दें। उन्होंने सवाल किया कि उद्धव की पार्टी कांग्रेस के साथ कैसे गठबंधन कर सकती है, जो न तो सावरकर का सम्मान करती है और न ही बालासाहेब का। ऐसा कहकर उनका उद्देश्य इस मुद्दे पर एमवीए में दरारें पैदा करना है क्योंकि गांधी ने अतीत में सावरकर के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की है।



## सदर विधायक ने देखी सड़क की हकीकत,ठेकेदार एवं जेई को लगाई कड़ी फटकार।

कूरेभार सुलतानपुर – सदर विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड कुरेभार के अन्तर्गत जोगीवीर देवदासपुर सेमरा सम्पर्क मार्ग पर चल रहे रोड के नव निर्माण कार्य में ग्रामीणों की मानक विहीन शिकायत पर सदर विधायक ने आकस्मिक निरीक्षण किया। कमी मिलने पर जेई व ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।

दरअसल जोगिवीर देवदासपुर संपर्क मार्ग पर सड़क के कार्य मे मिल रही ग्रामीणों के अनियमितता की शिकायत पर सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय ने मामले को संज्ञान में लिया और साथ ही शुक्रवार दोपहर को सड़क का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यों के गुणवत्ता में कमी मिलने पर कार्य कर रहे ठेकेदार एवं जेई को कड़ी फटकार लगाई साथ हिदायत देते हुए मानक के अनुरूप कार्य किये जाने निर्देश दिया साथ ही साथ कार्य की गुणवत्ता कि जांच करवाने का भी निर्देश दिया।पूरे मामले की जानकारी देते हुए सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय ने कहा कि अगर जांच के दौरान कार्य में कोई भी दोषी पाया जाएगा तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराई जाएगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह, विधायक पीआरओ गुड्डू उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय समेत ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा।



## दबंगों ने जला दी पिटाई के लिए रखी गई धान की फसल

सुल्तानपुर। जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बैजूपुर गांव में गुरुवार की रात धान की फसल में दबंगों द्वारा आग लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ननका देवी पत्नी सहदेव कहार ने पुलिस को नामजद



तहरीर देकर बताया कि वह एक बीघे धान की फसल काट कर खेत में ही पिटाई करने के लिए एकत्र करके रखी थी। गुरुवार की आधी रात गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने रंजिश में फुंक दिया। पीड़िता के मुताबिक, आग लगाते समय उसके पुत्र ने विरोध जताया तो दबंगों उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। इस बाबत शिवगढ़ थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि मुझे इस तरह की घटना की कोई जानकारी नहीं है। यदि तहरीर मिलेगी तो मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## धमाके से छत भरभराकर गिरी,एक की मौत।

सुलतानपुर– शुक्रवार को दोपहर बाद कुड़वार थाना अंतर्गत ग्राम व पोस्ट सरैया पूरे बिसेन में सिलेंडर की विस्फोट से बकरीद सुत उमराव के घर में



जिसमें दो महिला अनीशा बानो पत्नी नवी हसन उम्र (32वर्ष) और नाजिया बानो पत्नी नूर हसन उम्र (25वर्ष)नूर हसन पुत्र बकरीदी उम्र लगभग (उम्र 28) गंभीर रूप से घायल है।

घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस की सहायता से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस व फायर कर्मियों ने बचाव व राहत कार्य मे जुट गए।

मौके पर पहुँचे एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी की प्रथम दृष्टया जांच में विस्फोट का कारण सिलेंडर निकला। तीन घायलों को गंभीर स्थिति में सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य मे टीम तत्परता से मौके पर जुटी रही। एसपी के आदेश पर अन्य थाने की फोर्स भी मौके पर पहुँची।

## गोरखपुर में छठ पूजा के दौरान पोखरे में डूबने से युवक की मौत

बांसगांव। छठ पूजा के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बांसगांव थाने के हरनहीं चौकी क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक युवक की पोखरे में डूबने से मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय गोलू, स्वर्गीय बालेंदर का इकलौता पुत्र था। आज सुबह छठ पूजा के दौरान वह पंचायत भवन के पास स्थित मंदिर के समीप स्थित पोखरे में खड़ा था। इस दौरान वह पोखरे के पानी में उतर गया और अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।गोलू की मां और छोटी बहन अन्नू का रो कर बुरा हाल हो गया। घर का इकलौता चिराग बुझने से गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिले पर भेज दिया है।यह घटना छठ पूजा के दौरान हुई, जिसने सभी को सदमे में डाल दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिद्वार्थनगर में अवर अभियंता के गलत निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी

सिद्धार्थनगर।सिद्धार्थ नगर में अवर अभियंता श्री अजीत सिंह के गलत निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। सभी अवर अभियंता और प्रोन्नत सहायक अभियंता 05 नवंबर 2024 से लगातार अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।विरोध प्रदर्शन करने वाले अवर अभियंता और प्रोन्नत सहायक अभियंता मांग कर रहे हैं कि श्री अजीत सिंह का गलत निलंबन वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो वे अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे और जनपद के समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत सहायक अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे।




## हर समस्या का होगा समाधान एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह

गोरखपुर।महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष आकांक्षा सिंह के नेतृत्व में शिक्षिकाओं का प्रतिनिधि मंडल भाजपा एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह से भेंट कर शिक्षिकाओं की समस्या पर चर्चा किया,जिस पर एमएलसी ने समाधान कराने का आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष आकांक्षा सिंह के अगुवाई में शुक्रवार को विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) देवेन्द्र प्रताप सिंह के आवास पर पहुंची और संघ की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया। एमएलसी के समक्ष शिक्षिकाओं ने जीपीएफ आनलाइन, स्कूलों में महिला शौचालय, सफाई कर्मी की व्यवस्था कराने के साथ कैशलैस मेडिकल सुविधा मुहैया कराने की मांग रखी,जिस पर एमएलसी ने शासन स्तर पर मांग रखने का आश्वासन दिया।इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनी श्रीवास्तव, बबिता वर्मा,मीडिया प्रभारी पुष्पलता मौर्य, संगठन मंत्री रूपाली शर्मा सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



## उगते हुए सूर्य को छठ व्रत्तियों ने अर्घ्य देखकर की पूजा अर्चना

सहजनवा गोरखपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य देव की आराधना पूजा अर्चना व्रत रहकर विभिन्न प्रकार की मनोकामनाएं पूरा होने के लिए उगते हुए सूर्य को अरग देकर पूजा अर्चना सभी गांव के तालाबों पोखरों नदियों के घाट पर किया गया जिसे छठ पूजा कहते हैं ।यह छठ पूजा सहजनवा तहसील के ब्लॉक पाली के हर ग्राम सभाओं के पोखरों, ब्लॉक सहजनवा के हर ग्राम सभाओं के पोखरों ब्लॉक पिपरौली के हर ग्राम सभाओं के पोखरों तालाबों नदियों और नगर पंचायत सहजनवा नगर पंचायत घघसरा में भोर से 4रू00 बजे रात्रि से ही लोगों का पूजा अर्चना सूर्य देव का शुरू हो गया था।



## तरकुलहा धाम में महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत किया समापन


चौरीचौरा गोरखपुर। 8 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को माता तरकुलहा धाम मंदिर परिसर स्थित पोखरे के घाट पर भारी संख्या में छठ व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत को समापन किया। प्राप्त समाचार के अनुसार रात्रि के लगभग 2 बजे से ही मंदिर परिसर में छठ व्रत रखने वाली महिलाओं के साथ उनके परिजन एवं संबंधित लोगों का आना शुरू हो गया। जो कुछ समय बाद भारी हुजूम के रूप में बदल गया। स्थानीय पुलिस एवं मां तरकुलहा देवी धाम चौरिटेबल ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल के द्वारा नियुक्त किए गए वालंटियर पूरी तरह सुरक्षा एवं सहयोग में मुस्तैद रहे। माता तरकुलहा धाम चौरिटेबल ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल के सौजन्य से तरकुलहा धाम मेला परिसर के सड़क एवं घाट के आसपास सफाई एवं छठ घाट एवं पोखरी के चारों तरफ प्रकाश के



व्यवस्था के साथ–साथ व्रत महिलाओं की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरा का भी प्रबंध किया गया था। जलपान के रूप में हलवा प्रसाद चना एवं चाय वितरित किया गया तथा पोखरे पर सुरक्षा व्यवस्था के सहयोग में मुख्य रूप से मेला प्रभारी सौरभ कुमार झा एस आई निलेश राय रजनीश मिश्रा कांस्टेबल दिनेश सिंह सुनील कनौजिया मोहम्मद अफजल सहित ट्रस्ट के महामंत्री राजेश जायसवाल व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमरनाथ जयसवाल व्यापार मंडल उपाध्यक्ष हिमांचल साहनी हरीश राजभर मुकेश साहनी ऋषि कपूर साहनी सचिन पासवान गोलू पासवान मोनू मद्धेशिया धर्मेंद्र जयसवाल विजय जयसवाल अभिनव जयसवाल दीपक सिंह गोलू सिंह विशाल पासवान विशाल मद्धेशिया करन जयप्रकाश सोनी बैजू मद्धेशिया मुन्ना मद्धेशिया अमित जायसवाल संतोष गुप्ता अनिरुद्ध राजभर सुदर्शन राजभर मदरसन राजभर बबलू पासवान उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की गाथा सुन्दर समाज के नीव का आधार – लवकुश जी महाराज

चौरीचौरा गोरखपुर। मुंडेरा बाजार यादव मुहल्ला में हो रहे श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथा वाचक पुज्य लवकुश जी महाराज ने सुदामा चरित्र के कथा को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि एक बार तेज भूख लगने पर सुदामा ने अपने हिस्से के चने खा लिये बाद में उन्होने भगवान के हिस्से के चने को भी खा लिया इस कारण सुदामा जी को जीवन भर दरिद्रता का सामना करना पड़ा। मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर गरीबी दुर करने का बिचार करते हुए अपने राजधानी द्वारिका में आये हुए अपने मित्र को अपने सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। लेकिन भगवान तो सब कुछ जानते वो तो अंतर्यामी है दो लोक का धन, वैभव का सुख दे दिया। वैदिक मंत्रोच्चार आचार्य धनपाल पांडेय जी हर्षित दुबे, धनंजय पांडेय के द्वारा कराया जा रहा है। मुख्य यजमान गुलाबचंद यादव और धर्म पत्नी इमीरती देवी गोविंद यादव, रामाश्रय यादव, कृष्णा यादव, अरविंद, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, अजय, गिरजाशंकर, उषा देवी, गुंजादेवी, कुसुम देवी, रेखा, सीमा यादव, इन्द्रावती, पूनम, गुडडी, गोलू यादव, गणेश, अनिल, अंश, अतुल, ज्योति, अंशिका, मंशा देवी, अमित, अनामिका यादव, शुभम, साहिल, अनूप कुमार दुर्बासो देवी सहित सैंकड़ों श्रोताओ ने रसपान किया।कथा का सार गुरू संग कपट मित्र संग चोरी या हो निर्धन या हो कोढी।



## ब्लाक प्रमुख और प्रधान ने ग्रामवासियों के साथ उगते हुए सूर्य की पूजा की

ब्रह्मपुर गोरखपुर। ब्लॉक प्रमुख ब्रह्मपुर सुमन यादव अपने गांव न्योढ़ी के पोखरे पर ग्राम प्रधान संगीता यादव और ग्रामवासियों के साथ छठ पूजा में शामिल हुई और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दी। सभी ग्राम वासियों के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र यादव, मानवेन्द्र यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। सुदामा वर्णन

सुलतानपुर – कूरेभार विकास क्षेत्र के गांव शुक्लहिया में शारदा प्रसाद शुक्ल के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा में आचार्य ब्रम्हदत्त शुक्ल ने सुदामा चरित्र और रुक्मिणी विवाह सहित कई प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौङकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है।वही कथा के आयोजन को देख रहे मनीश शुक्ल ने बताया कि रविवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न हो जाएगा। कथा श्रवण कर रहे राज कुमार तिवारी , आदर्श तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्रा, महेश नारायण शुक्ला , सुरेंद्र शुक्ला सभा राज तिवारी, हनुमान प्रसाद तिवारी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौके पर उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय...

## भारत को अब भी सतर्कता बरतने की जरूरत

फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 तक जाते थे। ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है।भारत– चीन के बीच लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सवा चार साल से जारी गतिरोध के समाधान की दिशा में दोनों देशों ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। हालांकि यह पहला कदम है, फिर भी दोनों देशों के रुख में बदलाव का यह स्पष्ट संकेत है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले सोमवार को एलान किया कि दोनों देश टकराव के बचे दोनों स्थलों– देपसांग और देमोचोक में भी अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने पर राजी हो गए हैं।

वैसे भारत की मांग रही है कि चीन ने अप्रैल 2020 के बाद पूरे एलएसी पर सेना की जो असामान्य तैनाती कर रखी है, उसे वह वापस ले। उसके बाद दोनों देश संबंध सुधार की तरफ बढ़ें। मगर फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के पहले जाते थे। इस पेट्रोलिंग के साथ भी कुछ शर्तें जुड़ी होंगी। इनमें एक यह भी है कि दोनों देश जब वहां पेट्रोलिंग के लिए जाएंगे, तो उसके पहले एक दूसरे को सूचित करेंगे। इस तरह ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है। इसके अलावा आर्थिक एवं भू–राजनीति के क्षेत्र में सहयोग के लिए भी अनुकूल स्थितियां बनेंगी। ब्रिक्स प्लस एवं शंघाई सहयोग संगठन जैसे उभरते मंचों पर भारत और चीन जैसे बड़े देशों के तनाव का असर साफ नजर आता था। आशा है कि ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहे ऐसे मंच अब उस असर से बच पाएंगे। इसका संकेत रूस के कजान शहर में शुरू हो चुके ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन से ही देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एलएसी पर अत्यधिक तैनाती से भारत के राजकोष पर जो अतिरिक्त बोझ पड़ रहा था, उससे भी देश राहत पा सकेगा। वैसे कहा जाता है कि जिन देशों से तनावपूर्ण संबंध हों, उनके हर कदम पर यकीन पूरे सत्यापन के बाद ही किया जाना चाहिए। भारत को यह सतर्कता अब भी बरतने की जरूरत है।

## क्या सरकारों ने एक भी नीति बीमार की चिकित्सा में लूटमार को रोकने की बनाई है

कभी भारत में एक नीति आयोग हुआ करता था। नीतियों की घोषणाओं की प्रेस कॉन्फ्रेस हुआ करती थी। संसदीय कमेटियों में विचार और जानकारों व जनता की फीडबैक पर नीति बनती थी। कैबिनेट और संसद में बहस होती थी। लेकिन अब कानून बनते हैं, रेवड़ियां बनती हैं मगर नीति नहीं। अर्थात नेता वोट पटाने का आइडिया सोचता है और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री अफसर को आदेश देता है। और कानून बन जाता है। यह ढर्रा बुलडोजर राज का प्रतिनिधि है। तभी इस सप्ताह यह जान हैरानी नहीं हुई कि उत्तर प्रदेश सरकार खाने–पीने की चीजों में श्थूकनेच्च जैसी कथित करतूतों को रोकने का कानून ला रही है। तीन से पांच साल तक की जेल और एक लाख रुपयए तक के जुर्माने की सजा का इसमें प्रावधान संभव है।इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अक्टूबर को अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की। दो अध्यादेश तैयार हो रहे हैं। इनका नाम श्छद्म और सद्भाव विरोधी गतिविधियों की रोकथाम और थूकने का निषेध अध्यादेश 2024च्च और श्उत्तर प्रदेश खाद्य में संदूषण की रोकथाम (उपभोक्ता को जानने का अधिकार) अध्यादेश 2024च्च होगा। शासन को इसकी जरूरत का अहसास सोशल मीडिया के वीडियो से हुआ। जूस, दाल, रोटी जैसी खाने–पीने की चीजों में दुकानदार या रसोईए का कथित तौर पर थूकना, आटे में पेशाब मिलाने, एक नाबालिग लड़के को रोटियों पर थूकते हुए, फलों के जूस में थूकने के इन असली–नकली वीडियो को सरकार ने गंभीर माना। और निदान के लिए में नए कानून का निर्माण!सोचें, भारत में शासन, समाज और राजनीति आज कैसी है?

# मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा

अजीत द्विवेदी

भारत में चुनाव अब विकासवादी नीतियों या विचारधारा के ऊपर नहीं हो रहे हैं, बल्कि लोकलुभावन घोषणाओं और भाषण की जादूगरी पर हो रहे हैं। सारे विचार अब सिमट कर लोकलुभावन घोषणाओं या लच्छेदार लेकिन निरर्थक भाषणों में समाहित हो गए हैं। बड़े से बड़े नेता का करिश्मा भी इतना ही भर रह गया है कि वह कितनी बड़ी लोकलुभावन घोषणा कर सकता है। अगर लोकलुभावन घोषणाओं की केंद्रीयता से अलग कोई एक और चीज चुनाव को परिभाषित करने वाली है तो वह विभाजनकारी भाषण हैं।

धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर विभाजन भी भारत में होने वाले चुनावों का एक महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। लेकिन स्वतंत्र रूप से उनकी भी कोई हैसियत नहीं है अगर उनके साथ कुछ लच्छेदार बातें और लोकलुभावन घोषणाएं नहीं हैं। हाल में हुए अनेक चुनावों में यह प्रमाणित हुआ कि पार्टियों को चुनाव लड़ते समय किसी किस्म की वैचारिक जटिलता में पड़ने की जरुरत नहीं है। उन्हें मुफ्त में सेवाएं और वस्तुएं बांटने की घोषणा करनी है और कहीं कहीं भड़काऊ व विभाजनकारी बातें करनी हैं। इतने भर से काम चल जाएगा।

सवाल है कि यह अगर इतना ही सरल है और सभी पार्टियां इसी फॉर्मूले पर चुनाव लड़ रही हैं तो भाजपा को ही ज्यादा सफलता क्यों मिल रही है और दूसरी पार्टियां क्यों नहीं ज्यादा फायदा उठा पा रही हैं? यह सही है कि ज्यादा सफलता भाजपा को मिल रही है लेकिन यह बात लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जितनी सही है राज्यों के चुनावों के मामले में उतनी नहीं हैं। राज्यों में दूसरे नेता भी लोकलुभावन घोषणाओं और अपनी क्षेत्रीय या भाषायी अस्मिता पर आधारित विभाजनकारी मुद्दा उठा कर चुनाव जीत जाते हैं।

तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश से लेकर दिल्ली, पंजाब तक में इसे देखा जा सकता है। असल में लोकलुभावन घोषणाएं और विभाजनकारी नीतियां एकसमान रूप से अपनाने के बावजूद उस नेता के जीतने के बेहतर अवसर होते हैं, जिसकी भाषण शैली बेहतर होती है और जो जनता के साथ बेहतर संवाद करने वाला होता है। नरेंद्र मोदी हों या अरविंद केजरीवाल इनको संवाद की अपनी क्षमता और भाषा का लाभ मिलता है।राजनीति में भाषा के संबंध और महत्व को महान लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने अपने लेखन में विस्तार से समझाया है। उन्होंने दो लंबे निबंध लिखे थे, श्पॉलिटिक्स एंड द इंगलिश लैंग्वेजच्च और श्व्हाई आई राइटच्च। इसके अलावा जिन लोगों ने उनकी महान रचना श्नाइंटीन एटी फोरच्च पढ़ी है उनको इसका और बेहतर अंदाजा होगा। इस उपन्यास के अंत में एक एपेंडिक्स है, श्द प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च, जिसमें उपन्यास के काल्पनिक एकाधिकारीवादी देश श्ओसेनियाच्च की भाषा के बारे में बताया गया है। श्ओसेनियाच्च में शासन की भाषा का अपना शब्दकोष है। उसके श्बी शब्दकोषच्च में श्कोई भी शब्द ऐसा नहीं है, जो वैचारिक रूप से निरपेक्ष होच्च।

इसका मतलब है कि सारे शब्द मूल अर्थ से अलग अर्थ ध्वनित करने वाले हैं। जैसे जहां मजदूरों से बेगारी कराई जाए या जबरदस्ती काम कराया जाए उसको श्जॉयकैम्पच्च कहा जाता है और युद्ध के मंत्रालय को श्मिनीपैक्सच्च यानी मिनिस्ट्री ऑफ पीस (शांति का मंत्रालय कहा जाता है) यानी सारे शब्द देखने और सुनने में जैसे लगते हैं उनका अर्थ उसके बिल्कुल उलट होता है।भारत में लोकलुभावन या विभाजनकारी भाषणों से जिन नेताओं का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बेहतर है उनके भाषणों या शासन की भाषा में श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च की झलक बहुत साफ दिखाई देगी। मिसाल के तौर पर भारत सरकार किसानों को पांच सौ रुपया महीना देती है तो उसको श्सम्मान निधिच्च कहा जाता है। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपए महीने देने का फैसला किया तो इसका नाम श्महिला सम्मान योजनाच्च रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार महिलाओं को 11 सौ रुपया महीना दे रही है तो उसे श्मइया सम्मान योजनाच्च कह रही है। सोचें, किसानों को 17 रुपया रोज और महिलाओं को 33 रुपया रोज देने की योजना उनके सम्मान की योजना कैसे हो सकती है? लेकिन यही श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च है कि आप भीख या दान दें और उसको सम्मान बताएं! भारत के समकालीन श्रेष्ठ कवियों में से एक राजेश जोशी ने एक कविता में लिखा है, श्कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं सो, नेताओं की बातों के अर्थ नहीं, उनके अभिप्राय देखने की जरुरत होती है परंतु दुर्भाग्य से आम मतदाता इसे देख नहीं पाता है। उसे लगता है कि नेता उसके भले की बात कर रहे हैं, उसका जीवन आसान करने के लिए कुछ चीजें और कुछ सेवाएं मुफ्त में दे रहे हैं और उसके सम्मान, उसकी अस्मिता आदि की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन असल मे ऐसा नहीं होता है। असल में अस्मिता के आधार पर विभाजन और तमाम लोकलुभावन घोषणाएं, आम मतदाता को ठगने की योजना ही होती हैं। यह नेता के ऊपर निर्भर होता है कि वह कैसे भाषा की जादूगरी से इसे लोगों तक पहुंचाता है और उनको अपने पक्ष में ले आता है। कुछ नेता इसमें दूसरों के मुकाबले ज्यादा माहिर होते हैं इसलिए उनको ज्यादा सफलता मिलती है।अगर अभी चल रहे चुनावों की ही बात करें तो सभी पार्टियां समान रूप से लोकलुभावन घोषणाएं कर रही हैं और सब एक समान रूप से बांटने या जोड़ने की बात कर रहे हैं। अगर आप श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च के बारे में जानते हैं तो आपको तुरंत समझ में आ जाएगा कि जो जोड़ने की बात



कर रहा है वह भी असल में तोड़ने की ही बात कर रहा है। वह इसके लिए अलग शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है। बटेंगे तो कटेंगेच्च और श्जुड़ेंगे तो जीतेंगेच्च कहने वालों की मूल भावना में ज्यादा फर्क नहीं है। दोनों नारों को अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में देखने की जरुरत है।बहरहाल, महाराष्ट्र और झारखंड दोनों जगह घोषणाओं और गारंटियों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। महिलाओं और युवाओं को नकदी बांटने की घोषणाएं की जा रही हैं। महिलाओं को सस्ता या मुफ्त गैस सिलिंडर देने के वादे हो रहे हैं। छोटे उद्यमियों को सस्ता या बिना ब्याज का कर्ज देने के वादे हो रहे हैं। रोजगार और नौकरियों की बहार लाने का ऐलान हो रहा है। फ्री बिजली और पानी की योजना को श्मुफ्त की रेवड़ीच्च बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी ने इस मामले में बढ़त बनाई हुई है। परंतु भाषा की जादूगरी देखिए कि प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के हर उस काम का बचाव कर ले रहे हैं, जिसके लिए वे विरोधी पार्टियों की आलोचना करते हैं।झारखंड में श्इंडियाच्च ब्लॉक ने अलग अलग राजनीतिक परिवारों के 20 लोगों को टिकट दिया है तो भाजपा ने भी 18 लोगों को टिकट दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने जबरदस्त जोश में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के परिवारवाद पर हमला किया। भाजपा का मानना है कि विपक्षी पार्टियां परिवार के लोगों को टिकट देती हैं तो वह परिवारवाद है और भाजपा टिकट देती है तो वह परिवार सम्मान योजना है।

इसी तरह विपक्षी पार्टियां वस्तुएं व सेवाएं मुफ्त में देती हैं तो वह मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा है और जब भाजपा देती है तो वह किसान या महिला या युवा सम्मान की योजना है।


# मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा

अजीत द्विवेदी

भारत में चुनाव अब विकासवादी नीतियों या विचारधारा के ऊपर नहीं हो रहे हैं, बल्कि लोकलुभावन घोषणाओं और भाषण की जादूगरी पर हो रहे हैं। सारे विचार अब सिमट कर लोकलुभावन घोषणाओं या लच्छेदार लेकिन निरर्थक भाषणों में समाहित हो गए हैं। बड़े से बड़े नेता का करिश्मा भी इतना ही भर रह गया है कि वह कितनी बड़ी लोकलुभावन घोषणा कर सकता है। अगर लोकलुभावन घोषणाओं की केंद्रीयता से अलग कोई एक और चीज चुनाव को परिभाषित करने वाली है तो वह विभाजनकारी भाषण हैं।धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर विभाजन भी भारत में होने वाले चुनावों का एक महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। लेकिन स्वतंत्र रूप से उनकी भी कोई हैसियत नहीं है अगर उनके साथ कुछ लच्छेदार बातें और लोकलुभावन घोषणाएं नहीं हैं। हाल में हुए अनेक चुनावों में यह प्रमाणित हुआ कि पार्टियों को चुनाव लड़ते समय किसी किस्म की वैचारिक जटिलता में पड़ने की जरुरत नहीं है। उन्हें मुफ्त में सेवाएं और वस्तुएं बांटने की घोषणा करनी है और कहीं कहीं भड़काऊ व विभाजनकारी बातें करनी हैं। इतने भर से काम चल जाएगा।सवाल है कि यह अगर इतना ही सरल है और सभी पार्टियां इसी फॉर्मूले पर चुनाव लड़ रही हैं तो भाजपा को ही ज्यादा सफलता क्यों मिल रही है और दूसरी पार्टियां क्यों नहीं ज्यादा फायदा उठा पा रही हैं? यह सही है कि ज्यादा सफलता भाजपा को मिल रही है लेकिन यह बात लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जितनी सही है राज्यों के चुनावों के मामले में उतनी नहीं हैं। राज्यों में दूसरे नेता भी लोकलुभावन घोषणाओं और अपनी क्षेत्रीय या भाषायी अस्मिता पर आधारित विभाजनकारी मुद्दा उठा कर चुनाव जीत जाते हैं।

तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश से लेकर दिल्ली, पंजाब तक में इसे देखा जा सकता है। असल में लोकलुभावन घोषणाएं और विभाजनकारी नीतियां एकसमान रूप से अपनाने के बावजूद उस नेता के जीतने के बेहतर अवसर होते हैं, जिसकी भाषण शैली बेहतर होती है और जो जनता के साथ बेहतर संवाद करने वाला होता है। नरेंद्र मोदी हों या अरविंद केजरीवाल इनको संवाद की अपनी क्षमता और भाषा का लाभ मिलता है।राजनीति में भाषा के संबंध और महत्व को महान लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने अपने लेखन में विस्तार से समझाया है। उन्होंने दो लंबे निबंध लिखे थे, श्पॉलिटिक्स एंड द इंगलिश लैंग्वेजच्च और श्व्हाई आई राइटच्च। इसके अलावा जिन लोगों ने उनकी महान रचना श्नाइंटीन एटी फोरच्च पढ़ी है उनको इसका और बेहतर अंदाजा होगा। इस उपन्यास के अंत में एक एपेंडिक्स है, श्द प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च, जिसमें उपन्यास के काल्पनिक एकाधिकारीवादी देश श्ओसेनियाच्च की भाषा के बारे में बताया गया है। श्ओसेनियाच्च में शासन की भाषा का अपना शब्दकोष है। उसके श्बी शब्दकोषच्च में श्कोई भी शब्द ऐसा नहीं है, जो वैचारिक रूप से निरपेक्ष होच्च। इसका मतलब है कि सारे शब्द मूल अर्थ से अलग अर्थ ध्वनित करने वाले हैं। जैसे जहां मजदूरों से बेगारी कराई जाए या जबरदस्ती काम कराया जाए उसको श्जॉयकैम्पच्च कहा जाता है और युद्ध के मंत्रालय को श्मिनीपैक्सच्च यानी मिनिस्ट्री ऑफ पीस (शांति का मंत्रालय कहा जाता है) यानी सारे शब्द देखने और सुनने में जैसे लगते हैं उनका अर्थ उसके बिल्कुल उलट होता है।भारत में लोकलुभावन या विभाजनकारी भाषणों से जिन नेताओं का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बेहतर है उनके भाषणों या शासन की भाषा में श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च की झलक बहुत साफ दिखाई देगी। मिसाल के तौर पर भारत सरकार किसानों को पांच सौ रुपया महीना देती है तो उसको श्सम्मान निधिच्च कहा जाता है। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपए महीने देने का फैसला किया तो इसका नाम श्महिला सम्मान योजनाच्च रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार महिलाओं को 11 सौ रुपया महीना दे रही है तो उसे श्मइया सम्मान योजनाच्च कह रही है। सोचें, किसानों को 17 रुपया रोज और महिलाओं को 33 रुपया रोज देने की योजना उनके सम्मान की योजना कैसे हो सकती है? लेकिन यही श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च है कि आप भीख या दान दें और उसको सम्मान बताएं! भारत के समकालीन श्रेष्ठ कवियों में से एक राजेश जोशी ने एक कविता में लिखा है, श्कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैंच्च। सो, नेताओं की बातों के अर्थ नहीं, उनके अभिप्राय देखने की जरुरत होती है परंतु दुर्भाग्य से आम मतदाता इसे देख नहीं पाता है। उसे लगता है कि नेता उसके भले की बात कर रहे हैं, उसका जीवन आसान करने के लिए कुछ चीजें और कुछ सेवाएं मुफ्त में दे रहे हैं और उसके सम्मान, उसकी अस्मिता आदि की


# फिल्मी दुनिया/सेहत

## आजाद से राशा थडानी की पहली झलक आई सामने, अमन देवगन दिखे साथ

अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह अपनी पहली फिल्म आजाद को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में राशा की जोड़ी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ बनी है।अब आजाद से राशा की पहली झलक सामने आ चुकी है। सामने आए पोस्टर में वह अमन के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री को प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। राशा और अमन के अलावा फिल्म आजाद में अजय देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।यह फिल्म अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है।अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, हर यादगार कहानी की शुरुआत एक प्रेम कहानी से होती है।डायना पेंटी, मोहित मलिक और पीयूष मिश्रा जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



## द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो जारी, जानिए कौन होंगे मेहमान

अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।इस सीजन के अब तक 7 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं, जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है।शो के आठवें एपिसोड में जाने–माने बिजनेस आइकॉन नारायण मूर्ति, सुधा मूर्ति, दीपिंदर गोयल और जिया गोयल नजर आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2 का नया प्रोमो साझा करते हुए लिखा, इस फनीवार बिजनेस आइकॉन को उनके अलग अवतार में देखने के लिए तैयार हो जाइए। इस एपिसोड को आप 9 नवंबर, 2024 को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें नारायण इंफोसिस के 7 सह–संस्थापकों में से एक हैं।

## विक्की कौशल की छावा की रिलीज टली, अब पुष्पा 2 द रूल से नहीं होगा सामना

पिछले लंबे समय से विक्की कौशल अपनी फिल्म छावा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है।इस फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।आइए जानते हैं निर्माताओं ने यह फैसला क्यों लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, छावा अब अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा।ऐसा कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ टकराव से बचने के लिए यह फैसला लिया है।यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। छावा में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म की टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।हाल ही में विक्की और रश्मिका ने मुंबई में 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ फिल्म का एक खास गाना शूट किया है।

## पुष्पा द रूल में नजर आएंगी श्रीलीला, अल्लू अर्जुन के साथ करेंगी डांस

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पारू द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह 2021 में आई फिल्म पुष्पारू द राइज का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।पुष्पारू द रूल 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।अब खबर आ रही है कि पुष्पारू द रूल की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में अल्लू के साथ एक गाने में डांस करती नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पारू द रूल के आइटम नंबर के लिए श्रीलीला को चुना गया है।इससे पहले निर्माताओं ने श्रद्धा कपूर से भी संपर्क किया था, लेकिन मुंहमांगी रकम के कारण निर्माताओं ने उनकी छुट्टी कर दी। इसके अलावा इस आइटम नंबर के लिए तृप्ति डिमरी से भी बात हो चुकी है।श्रीलीला फिल्म के एक विशेष गाने में डांस करती नजर आएंगी। इस दौरान अल्लू उनका साथ देने वाले हैं। पुष्पारू द रूल के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फहद फासिल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।पुष्पारू द रूल हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी। यह पहली पैन–इंडिया फिल्म है, जो बंगाली भाषा में रिलीज होने वाली है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।




## रेजर बर्न की समस्या से छुटकारा दिला सकता है आंवला का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

रेजर बर्न एक आम समस्या है, जो शेविंग के बाद त्वचा पर जलन और लालिमा का कारण बनती है। इससे निपटने के लिए कई घरेलू नुस्खे हैं, जिनमें से एक है आंवला तेल का उपयोग।आंवला तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को राहत देने में मदद करते हैं।इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप आंवला तेल की मदद से रेजर बर्न को शांत कर सकते हैं।

**त्वचा की सफाई करें**

रेजर बर्न होने पर सबसे पहले अपनी त्वचा को अच्छी तरह साफ करें।इसके लिए गुनगुने पानी और माइल्ड फेस वॉश का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा पर जमा धूल–मिट्टी और बैक्टीरिया हट जाएंगे, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा।साफ–सुथरी त्वचा पर जब आप आंवला तेल लगाएंगे तो यह जल्दी असर करेगा और जलन कम होगी।इसके अलावा साफ त्वचा पर तेल के पोषक तत्व भी बेहतर तरीके से अवशोषित होंगे, जिससे राहत मिलेगी।



**हल्के हाथों से मसाज करें**

आंवला तेल को हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और धीरे–धीरे मसाज करें। इससे रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा को आराम मिलता है। ध्यान रखें कि मसाज करते समय ज्यादा दबाव न डालें क्योंकि इससे जलन बढ़ सकती है।आंवला तेल के नियमित उपयोग से रेजर बर्न जल्दी ठीक हो सकता है। इसे दिन में दो बार लगाने से भी फायदा होता है, जिससे त्वचा को राहत मिलती है और जलन कम होती है।

**ठंडे प्रभाव से होगा फायदा**

आंवला तेल लगाने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर ठंडा प्रभाव देना भी फायदेमंद होता है।इसके लिए आप एक साफ कपड़े में कुछ आइस क्यूब्स लपेटकर उसे हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। ठंडक मिलने से जलन कम होती है और सूजन भी घटती है।अगर आइस क्यूब्स उपलब्ध नहीं हैं तो आप ठंडे पानी में भिगोए हुए कपड़े का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा को राहत मिलेगी और रेजर बर्न की समस्या जल्दी ठीक होगी।


**रातभर छोड़ें**

अगर आपकी समस्या ज्यादा गंभीर नहीं है तो आप रातभर के लिए आंवला तेल लगा सकते हैं।सोने से पहले इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर छोड़ दें ताकि यह पूरी रात काम कर सके। अगली सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।इससे आपकी त्वचा नरम होगी और रेजर बर्न की समस्या भी धीरे–धीरे खत्म हो जाएगी। आंवला तेल के पोषक तत्व रातभर में त्वचा को आराम पहुंचाते हैं और जलन को कम करते हैं।नियमित उपयोग करें

## उगहे सूरज देव भेल भिनसरवा.. . अरघ के रे बेरवा हो

### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा हुआ 36 घंटे का निर्जल व्रत,

सहजनवा गोरखपुर । लोक आस्था के महापर्व चार दिनों की छठ पूजा का शुक्रवार की सुबह समापन हो गया। 36 घंटे तक निर्जल व्रत रखी व्रती महिलाओं ने सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने इस कठोर व्रत का पारण किया।सहजनवा में भी व्रती माताओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर संतान की खुशहाली और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इससे पहले आधी रात में ही व्रती माताओं के साथ उनके परिवार के लोग गाजे–बाजे के साथ छठ घाटों पर पहुंच गए थे।



## डोहरिया कला काली मंदिर पोखरें व्रती महिलाओ ने दिया उदय सूर्य को अर्घ्य

पाली गोरखपुर।डोहरिया कला काली मंदिर पोखरें पर छठ पूजा में उदय होते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा किया अर्घ्य जीवन में संतुलन और ऊर्जा के लिए सूर्य को अर्घ्य देना महत्वपूर्ण माना जाता है। उदय सूर्य को अर्घ्य देने का अर्थ है जीवन के उतार–चढ़ाव को समझना। जैसे सूर्य हर दिन डूबता है और फिर उगता है, वैसे ही जीवन में भी सुख–दुःख आते–जाते रहते हैं।प्रातः काल में व्रत्ती महिलायें अपनी अपनी बेदी पर पूजा अर्चना शुरू कर पूजा को आरंभ किया वही सहजनवा तहसील के वही ग्रामसभा बाहिलपार के पनकी पोखरे पर बड़े ही धूमधाम छट्ठ पूजा मनाया गया ग्रामसभा के पूर्व प्र० ग्राम प्रधान और समाजसेवी अविनाश शर्मा उर्फ गोलू जी की माता श्री मती आयुष्मति देवी के द्वारा सभी बेदियो फल चढ़ाकर पूजा अर्चना किया गया इस मौके पर गांव के सभी साथी और श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी तरह ग्रामसभा तेतरिया में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री अरविंद सिंह के सहयोग से छट्ठ घाट पर सभी व्यवस्था किया गया और सभी छट्ठ बेदियो पर प्रसाद चढ़ाकर सूर्य भगवान का पूजन अर्चन किया गया ग्राम प्रधान अपने तमाम नौजवान साथियों के साथ घाट पर मौजूद रहे।



## कब्जा के विवाद में तीन पर केस दर्ज

पाली गोरखपुर। बांसगसहजनवा थाना क्षेत्र के देवापार डुगडुइया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट हुई जिसमें एक पक्ष के चार व्यक्ति घायल हो गए । घायलों में दो की हालत गंभीर है । एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने पी जी आई लखनऊ रेफर कर दिया है । पिछले दो दिन पूर्व गांव के ही विनोद मल्ल और अमर सिंह के बीच खेत में रास्ते को लेकर विवाद हुआ था जिसमें विनोद के द्वारा अमर सिंह को मारा पीटा गया । कल जब इस बात की जानकारी अमर सिंह के बच्चो को हुई तो वह आज अपने पिता को लेकर विनोद मल्ल के घर सुलह समझौते के लिए पहुंचे जहां पहले से तैयार विनोद मल्ल और उसके लड़के द्वारा अमर सिंह और उनके लड़के सुधीर सिंह और दीपक सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया, बीच बचाव करने पहुंचे राहुल सिंह पुत्र स्व छेदयी सिंह के लड़के को भी जम कर पीटा। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग वह पहुंचे और घायलों को लेकर सहजनवा सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां से डाक्टरों ने सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 112 पुलिस पहुंची और आवश्यक कारवाही में जुट गई । गंभीर रूप से घायल सुधीर सिंह को मेडिकल कॉलेज से पी जी आई लखनऊ रेफर कर दिया गया है।जहां हालत गंभीर बनी हुई है।



## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

परिजनों द्वारा दाह संस्कार के लिए ले गये बाडी को शमशान घाट से पुलिस ने लिया अपने कब्जे में

घघसरा गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र पुलिस चौकी घघसरा के अंतर्गत ग्राम नारंगपट्टी निवासिनी राधिका गुप्ता पत्नी राजेश गुप्ता की उम्र लगभग 40 वर्ष जो शुक्रवार को समय लगभग दो बजे करीब मकान के अंदर रहस्यमई परिस्थितियों में मृत पाई गई। बाडी को आनन–फानन में परिजन दाह–संस्कार के लिए शमशान घाट ले गए थे। इस घटना की जानकारी होते ही घघसरा पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। घटनास्थल नारंगपट्टी गांव पहुंचने पर पुलिस को जैसे ही दाह–संस्कार की जानकारी मिली अपनी तीव्रता दिखाते हुए घघसरा चौकी के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव ने अपने हमराहियों के साथ शमशान घाट पहुंचकर बाडी को कब्जे में लिया और मामले को बारीकियों से खंगालने में जुट गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राधिका खेत में धान काटने गई थी दोपहर में घर वापस आने के बाद मकान के अंदर वह रहस्यमई परिस्थितियों में मृत पाई गई। जो दो लड़कों की मां थी। पति राजेश दो तीन दिन पहले ही छठ पूजा मनाने परदेश से घर आया था। इस संबंध में चौकी प्रभारी घघसरा वीरेंद्र बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हैं। यह उनका आपसी मामला है।



## पत्रकार एकता संघ उत्तर प्रदेश सचिव नियुक्त की गयी अवधेश कुमारी

लखनऊ। पत्रकार एकता संघ जो सिर्फ नाम से अपनी एक मजबूत पहचान बना चुका है । पत्रकारों के उत्पीड़न जैसे मामले आने पर सभी उच्च पदाधिकारी शीघ्र ही संज्ञान में लेते हैं और जब तक निष्पक्ष न्योचित कार्यवाही नहीं होती तब तक लगातार प्रयास जारी रखते हैं । ऐसे एक नहीं सैकड़ों मामलों को लेकर निस्तारण कराने का कार्य किया गया है । प्रतिदिन कहीं न कहीं से पत्रकार से सम्बंधित मामले आते रहते हैं, वह भी पत्रकार एकता संघ परिवार के पास क्योंकि उन्हें यह भलीभांति पता है कि संगठन द्वारा निष्पक्ष न्याय अवश्य दिलाया जायेगा । संगठन के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर श्रीमती अवधेश कुमारी जो कि एक एनजीओ की संघर्ष शील महिला है । इससे पूर्व वह संगठन में थी, पर किसी कारण बस निष्क्रिय थी, पर अब उन्हें संगठन में उत्तर प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है । इस दौरान लखनऊ कार्यालय पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया । जहां पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह प्रदेश प्रभारी दिनेश दीक्षित, विधिक सलाहकार उमेश अस्थाना एडवोकेट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलरेज अहमद लारी ,लारी ग्रुप उपस्थित रहे।



## 'राष्ट्रीय युवा वाहिनी की प्रदेश प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश बनी सरोजिनी शास्त्री जी

उतर प्रदेश– भारत में हिन्दुत्व एवं सनातन धर्म की अलख जगाने वाले एवं हिंदुत्व की ध्वजा को देश के कोने कोने में फहराने वाले संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी की कार्यप्रणाली से खुश होकर संगठन में हिन्दुओ का कारवां बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आगामी वर्षों में पूरे भारत वर्ष में हिंदुत्व का सबसे बड़ा एवं एकमात्र संगठन बस यही होगा, जो भारत देश के हर सनातन प्रेमी के हृदय में निवास करेगा। भारत भूमि को हिन्दू राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर चलने वाले हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू देवप्रकाश शुक्ला जी के नेतृत्व में आज फिर एक हमारे संगठन एक नए सदस्य का आगमन हुआ है। आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि राष्ट्रीय युवा में प्रदेश प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के रूप मे सरोजिनी शास्त्री जी को संगठन के द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। आशा है कि आगामी समय मे सरोजिनी शास्त्री जी संगठन को अपने कार्य क्षेत्र में एक एक व्यक्ति तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सरोजिनी शास्त्री अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हुए कहा कि हम संगठन के लिए पूरे तन मन से लगकर कार्य करेंगे ताकि हमारा संगठन दुनिया भर में हिंदुत्व का सबसे बड़ा रक्षक बनकर खड़ा हो। संगठन में इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए उन्होंने राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू देवप्रकाश शुक्ला जी का आभार प्रकट किया है।



## शोहरतगढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा मे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यों का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ में ग्राम पंचायत सेमरा में महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्माणाधीन पार्क, एवं ग्राम पंचायत अलीदापुर में कंपोजिट विद्यालय में एम.डी.एम शेड निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय यशोवर्धन सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें पार्क के बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है मिट्टी पटाई का कार्य एवं पार्क का सम्पर्क मार्ग निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत अलीदापुर में ड.व.ड. शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसका कार्य नींव स्तर तक पूर्ण है पिलर का कार्य प्रगति पर है खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निधारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत गौरा अलीदापुर में कंपोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया नामाकंन 245 के सापेक्ष मात्र 102 बच्चें उपस्थित पाये गए बताया गया कि छठ के कारण संख्या कम है प्रधानाध्यापक एवं अन्य अध्यापक को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. में तहरी बनाया गया, परंतु सैंपल नहीं रखा गया है रसोइए को एप्रन एवम हेड कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिया गया अधिकांश बच्चें ड्रेस में नहीं थे प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया निपुण के सम्बन्ध में शिक्षक से वार्तालाप किया गया विद्यालय में कायाकल्प का कार्य कराया गया है कुछ भवन की प्लास्टर की मरम्मत करने एवं परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्देश दिया गया ।



## जिले में धूमधाम एवं शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुआ छठ पर्व।

ब्यूरो शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर– हिन्दू रीति रिवाजों में बहुत सारे त्योहार मनाने का रिवाज है नवरात्रि शुरू होते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है नवरात्रि, दसहरा,दीपावली, भाई दूज,गोवर्धन पूजा,उसके बाद छठ का पर्व ये छठ पर्व की शुरुआत विहार से हुई है छठ का पर्व विहार का प्रसिद्ध पर्व है छठ पर्व धीरे धीरे पूरे देश मे मनाया जाने लगा इस पर्व की भी अपनी एक मान्यता और महत्व है इस पर्व को लेकर महिलाएं बहुत उत्सुक रहती है इसी कड़ी में शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महली में छठ पूजा काफी धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान गिरजेश चौधरी एवं वार्ड सदस्य संजय पांडेय द्वारा महिलाओं के लिए घाट पर टेंट, लाइट ,डीजे आदि की समुचित व्यवस्था किया गया हर वर्ष की भाती इस वर्ष महिलाओं में काफी हर्ष उल्लास दिखाई दिया इस पावन पर्व पर महिलाओं ने ग्राम प्रधान गिरजेश चौधरी की भूरी भूरी



प्रशंसा की इसी कड़ी में नगर पालिका नौगढ़ के जमुआर घाट पर भी महिलाओ ने उगते सूर्य को अर्ग देकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपना व्रत पूरा किया नगर पालिका की तरफ से जमुआर घाट पर विशेष व्यवस्था की गई थी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे साथ ही

## बड़े लेखपत्रो का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर द्वारा राजेश कुमार सिंह, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, उप निबन्धक नौगढ सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ बड़े मूल्य के



लेखपत्रों के निरीक्षण के अर्न्तगत उप निबन्धक कार्यालय नौगढ में पंजीकृत लेखपत्र संख्या 6975 वर्ष 2024 ग्राम पकड़ी तप्पा निक्सौली परगना व तहसील नौगढ के गाटा सं0 242ध1. 0850 हे0 मे से विकीत रकबा 0. 322457 हे0 का विक्रय किया गया है जिसमें विक्रेता सुरूची पत्नी विशाल उर्फ बालकिशुन एवं क्रेता रिकी कसौधान व आलोक अग्रहरी है लेखपत्र में प्रतिफल रू0 54,00,000ध– एवं मालियत रू0 1,04,87,000ध– पर रू० 7,34,090ध– का स्टाम्प शुल्क एवं रू0 1,04,870ध– निबन्धन शुल्क अदा कर पंजीकृत कराया गया है जाँच में पाया गया कि लेखपत्र में स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन शुल्क कम अदा किया गया है तथा लेखपत्र संख्या 6975 वर्ष 2024 ग्राम पिठनी खुर्द तप्पा थरौली परगना व तहसील नौगढ के गाटा सं० 101 मि0ध0.0730 हे0 मे से विकीत रकबा 316 वर्गमीटर जिसमें मकान भी निर्मित है, का विक्रय किया गया है जिसमें विक्रेता देवेन्द्र देव पुत्र श्यामनारायन एवं केता ईश्वर देव त्रिपाठी एवं बलिभद्र त्रिपाठी है लेखपत्र में प्रतिफल रू0 1,25,00,000ध– एवं मालियत रू0 1,24,69,000ध– पर रू0 8,75,000ध– का स्टाम्प शुल्क एवं रू0 1,25,000ध– निबन्धन शुल्क अदा कर पंजीकृत कराया गया है।

## आरोग्य मंदिर एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा आयुष्मान अरोग्य मन्दिर एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गौरा अलीदापुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़ एवं सी0एच0ओ0 खुशबू एवं ए0एन0एम0 हिमानी उपस्थित थी ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि प्रसव केन्द्र संचालित है, परन्तु भवन की स्थिति खराब है जिसमें आवश्कतानुसार छत एवं प्लास्टर




की मरम्मत तथा बिजली, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत से आवश्यकतानुसार मरम्मत कराना सुनिश्चित करें आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टर का अवलोकन किया गया खुशबु द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 10–15 ग्रामवासियों की ओ0पी0डी0ध्स्क्रीनिंग किया जा रहा है दस्तक, संचारी अभियान एवं अन्य आयोजित मेला व पखवाडा में ग्राम में भ्रमण करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाए उपलब्ध कराया जा रहा है मलेरिया, एच0आई0बी0, डेगू की किट की उपलब्धता की जानकारी किया गया बताया गया कि डेगू की किट समाप्त हो गयी है जिसके लिए विभाग को निर्देशित किया गया कि आवश्यक दवाओं एवं किट की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय जिससे स्क्रीनिंग की कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों का टर्न आउट चेक कर परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया है। आर्मोरर ने दंगा नियंत्रण शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए निर्देश दिये। पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही आदेश कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजेश द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद

चित्रकूट। रैपुरा थाना के एसआई रामप्रीत सिंह ने टीम के साथ राजू सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बगरेही को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चित्रकूट। मानिकपुर थाना के एसआई रामेश्वर प्रसाद ने टीम के साथ वारंटी अमित पुत्र सोहनलाल निवासी सुअरगढा को गिरफ्तार किया है।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के बीच कराया सुलह

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी एके सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए रिश्ते को टूटने से बचाया है। थाना रैपुरा के अतरौली बसिला निवासी नेहा पुत्री रामकृपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि उनके पति गिरधारी पुत्र घनश्याम उर्फ पप्पू निवासी दरसेड़ा पहाड़ी गालीगलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करते हैं। इस पर एसपी ने निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। केन्द्र प्रभारी गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने दोनो पक्षों को केंद्र बुलाया। समझा कर भविष्य में आपस में मारपीट, गालीगलौज व लड़ाई झगड़ा न करने व परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। इस पर दम्पति के बीच सुलह हो गया।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने किया प्रतिभाग

मृत्युंजय, अनुपम व अमित रहे अव्वल

चित्रकूट(आरएनएस)। बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ीपुलिया के छात्र मृत्युंजय, अनुपम राजपूत एवं अमित पांडेय ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगर में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय से चार छात्रों ने जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। जनसेवा इण्टर कालेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर के कई सरकारी, गैरसरकारी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं

## आम रास्ते में निर्माण रोकने की मांग

चित्रकूट। सीतापुर के तीर्थराजपुरी निवासियों ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बताया कि वर्षों पुराने आम रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर कब्जा कर लिया है। इसमें निर्माण कराया जा रहा है। इससे बस्ती के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। मोहल्ले के हीरालाल जोशी, संतोष गिरी, राजेश, विनोद, मंगल व दरबारी आदि ने डीएम को पत्र देकर अवैध निर्माण रूकवाने व बस्ती का मार्ग बहाल कराने की मांग की है।

## ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

चित्रकूट(आरएनएस)। चलती ट्रेन से गिरकर यात्री घायल हो गया। देवरिया जिले के सलहपुर टेघर निवासी सत्यदेव उर्फ छोटू (21) मुंबई जा रहा था। डभौरा स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। जीआरपी ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

## प्लास्टिक के खिलाफ चलाएं अभियान, करें जुर्माना– सीडीओ

चित्रकूट(आरएनएस)। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही कराएं और जुर्माना भी कराया जाए। प्रचार प्रसार भी कराकर जानकारी दें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि रामघाट से लेकर कर्वी तक जो मंदाकिनी नदी में नाला गिर रहे हैं उसके टैपिंग के लिए जल निगम से संपर्क कर व्यवस्था करें। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अमृत नगरीय योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जो पौधारोपण कराया गया है

## खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिले के सभी तहसीलों में विपणन विकास सहायता योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया जाने का लिया गया निर्णय।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त तहसीलों के ब्लाक मुख्यालय पर एक–एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है जनपद सिद्धार्थनगर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा शीघ्र ही एक–एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रतिभागियों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित समस्त रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी उक्त कार्यक्रम में आवेदन से लेकर उद्योग

स्थापना तक की सभी प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट नचाअपइण्हवअण्पद पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा खादी ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत उद्यम स्थापना हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को बैंकों के माध्यम से नियमानुसार वित्तीय सहायताध्ऋण अनुदान आदि उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी निधारित प्रारूप पर आनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभागियों का चयन एवं स्थल का चयन तथा तिथि का निर्धारण जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा किया जायेगा। जागरूकता कार्यक्रम के स्थल व तिथि की सूचना बाद में उनके मोबाइल नम्बर पर दी जायेगी अधिक

जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन द्वितीय तल से सम्पर्क कर सकते हैं, एवं मोबाइल नम्बर–9580503136, 9453938215 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सिद्धार्थनगर गंगाधर दूबे द्वारा दिया गया है।

## भारत से मिली हार के बाद टूर्नामेंट छोड़ वतन लौटीं पाकिस्तानी कप्तान, यहां जानें कारण

भारतीय महिला टीम से मिली हार के बाद पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों बड़ा झटका। पाकिस्तान को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने उतरना था। हालांकि, इस मैच से पहले उनकी कप्तान फातिमा सना पाकिस्तान लौट गईं। सना के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जिस वजह से उन्हें घर जाना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम से मिली हार के बाद पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों बड़ा झटका। पाकिस्तान को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने उतरना था। हालांकि, इस मैच से पहले उनकी कप्तान फातिमा सना पाकिस्तान लौट गईं। सना के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जिस वजह से उन्हें घर जाना पड़ा। सना को निदा डार की जगह टीम की कमान दी गई थी। वह टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। 22 साल की खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप से पहले केवल एक सीरीज में टीम की कप्तान की थी जहां पाकिस्तान का सामना साउथ अफ्रीका से हुआ था। उन्होंने यहां शानदार बल्लेबाजी भी की थी और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। फातिमा ने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की। उनकी टीम ने ये मैच 31 र से जीता। फातिमा सना ने 20 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि, भारत के खिलाफ उन्होंने अपना बैटिंग ऑर्डर बदला। भारत को यहां भी जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा था और उसकी वजह फातिमा सना ही थीं। इसकी वजह भी फातिमा ही थीं जिन्होंने पहले तो 8 गेंदों में 13 रन बनाए और फिर 23 रन देकर 2 विकेट भी लिए थे।




## पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड ने 823 रन बनाकर रिकार्ड बुक में जोड़ नए अध्याय

इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है।टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड ब रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की। रूट और ब्रूक ने 454 रन जोड़े जो इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के नाम पर है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2006 में 624 रन की साझेदारी की थी। पाकिस्तान के छह गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन लुटाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल दूसरा अवसर है जबकि छह गेंदबाजों ने एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। इससे पहले 2004 में जिंबॉब्वे के गेंदबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।




## पाकिस्तान में इंग्लैंड ने मचाई तबाही, भारत का 20 साल पुराना रिकार्ड ध्वस्त

मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम की फ्लैट पिच पर पहले दिन से ही रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बने जा रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाया, वहीं इंग्लैंड की ओर से दो बल्लेबाज दोहरा शतक लगा चुके हैं। इस मैच के दौरान इंग्लैंड ने भारत का 20 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला है। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड




तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से गेंदबाजों का बुरा हाल हो रहा उससे पाकिस्तान टीम की आलोचना हो रही है। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम की फ्लैट पिच पर पहले दिन से ही रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बने जा रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाया, वहीं इंग्लैंड की ओर से दो बल्लेबाज दोहरा शतक लगा चुके हैं। इस मैच के दौरान इंग्लैंड ने भारत का 20 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला है। पाकिस्तान में किसी विजिटिंग टीम द्वारा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने का रिकॉर्ड इस टेस्ट मैच से पहले भारत के नाम दर्ज था। भारत ने इसी मैदान पर 2004 में पांच विकेट पर 675 रनों पर पारी घोषित की थी। ये वही टेस्ट मैच था, जिसमें वीरेंद्र सहवाग ने ट्रिपल सेंचुरी लगाई थी और सचिन तेंदुलकर 194 रनों पर नॉटआउट लौटे थे। इंग्लैंड ने मुल्तान टेस्ट में पहली पारी सात विकेट पर 823 रनों पर घोषित की। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड मुल्तान टेस्ट मैच का चौथा दिन है, और जिस तरह से इस पिच से गेंदबाजों को

## क्या है इजरायल का पुतिन वाला प्लान ? दक्षिणी लेबनान के लगभग 30 गावों को इलाका छोड़ जाने का अल्टीमेटम

ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं। इजरायल ने हमास की पूरी तरह से कमर तोड़ दी है और अब वो हिजबुल्ला के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम देने में लगा हुआ है। ईरान के हमले के बाद इजरायल आर पार के मूड में नजर आ रहा है। हिजबुल्लाह को मिटाने के लिए इजरायली सैनिक लेबनान की सीमा में दाखिल भी हो चुके हैं। ग्राइंड ऑपरेशन में इस वक्त भीषण युद्ध जारी है। इन सब के बीच कतर की ओर और यूएन की ओर से शांति और समझौते की पहल की जा रही है। हालांकि दोनों देशों की बयाबाजी के बाद ऐसा लगता नहीं है कि ये पेशकश पर कोई अमल करेगा और ये सफल होगा। ईरान और इजरायल के बीच की जंग मीडिल ईस्ट में छिड़ी है। ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं।इजरायल ने कह दिया है कि पलटवार जोरदार होगा। ऐसा होगा कि दुनिया याद रखेगी।इसके साथ ही कहा जा रहा है कि इजरायल लेबनान में पुतिन वाला प्लान अपनाने जा रहा है। दरअसल, रूस यूक्रेन वॉर के बीच मॉस्को ने कीव को कमजोर करने के लिए यूक्रेनी शहर डोनबास को उससे अलग करने का प्लान बनाया था। जिसमें पुतिन कामयाब भी हुए थे। आगे चलकर पुतिन ने डोनाबास के दो इलाके डोनेत्सक और लुहांस्क को एक देश के तौर पर मान्यता दे दी थी। डोनाबास के अलग होने से न केवल यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा बल्कि उसके हाथ से युद्ध भी निकल गया। अब ऐसी ही रणनीति इजरायल भी लेबनान के खिलाफ अपना रहा है। इजरायल ने लेबनान से उसके दक्षिणी भाग को अलग करने की ठान ली है। बेंजामिन नेतन्याहू जानते हैं कि नसरल्लाह की हत्या के बाद हिजबुल्लाह के पास कोई नेतृत्व नहीं है। ऐसे में नेतन्याहू इसका पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। दक्षिणी लेबनान हिजबुल्लाह के लिए बेहद अहम माना जाता है। यहां पर मौजूद दायफ शहर उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे हिजबुल्लाह का लाइफ लाइन भी कहा जाता है। ब

ेरूत, त्रिपोली और सिडोन के बाद दायर लेबनान का चौथा बड़ा शहर है। दायर का लेबनान से संपर्क टूटने के बाद यूक्रेन की तरह हिजबुल्लाह की कमर टूट जाएगी। ये नीति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपनाई थी और अब वही काम इजरायल लेबनान के साथ कर रहा है।



## पाकिस्तान में बच्चियों को स्टेज पर देख भाग उठा जाकिर नाइक,

जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। भारत का मोस्ट वांटेड जाकिर नाइक पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के दौरे पर नजर आया। पाकिस्तान में उसे इतना वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया कि वहां मंत्रियों में उससे मिलने की भी होड़ लग गई है। इतना ही नहीं भारत के दुश्मन जाकिर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी मुलाकात की और गर्मजोशी के साथ जब मुलाकात हुई उसकी तस्वीरें भी सामने आई। जाकिर नाइक ने कहा कि पाकिस्तान आना उनका सपना था। जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। पाकिस्तान भारत के दुश्मन की ऐसी खातिरदारी कर रहा है मानों कोई बहुत बड़ा शख्स उसके देश पहुंच गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो मानो जाकिर से मिलकर फूले नहीं समा रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आपका स्वागत है। लोग आपकी आवाज और उपदेश को सुनने का इंतजार कर रहे हैं। आपका पाकिस्तान में होना हमारे लिए खुसी की बात है। जाकिर की तारीफ के कसीदे यही खत्म नहीं होते। शहबाज ने तो मानो खुद को पूरी दुनिया के मुसलमानों का नुमाइंदा मान लिया हो। जहरीले जाकिर को ये तक कह दिया कि दुनियाभर के मुसलमान उससे बहुत खुश हैं। शहबाज ने कहा कि दीन और इस्लाम के लिए आपका योगदान शानदार रहा है। मुस्लिम वर्ल्ड आपसे बहुत खुश है। जाकिर नाइक को भी यकीन नहीं हो पा रहा था कि आखिर उसकी इतनी खातिरदारी क्यों की जा रही है। बदले में उसने भी कह दिया कि उसका पाकिस्तान आना बरसों का सपना था। स्टार ट्रीटमेंट लेते जाकिर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, जाकिर पाकिस्तान में एक कार्यक्रम में पहुंचा था। जहां अनाथ बच्चियों को अवार्ड दिया जाना था। लेकिन जाकिर नाइक भड़क गया और बिना अवार्ड दिए वहां से चला गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि स्टेज पर जैसे ही बच्चियां पहुंची जाकिर पीछे से चला गया। बाद में वो आयोजकों पर भड़कते हुए कहा कि ये इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ है। उसे बच्चियों को बेटियां कहने पर भी गुस्सा आया। 1992 के बाद जाकिर नाइक की पहली पाकिस्तान यात्रा है।



## गायत्री मंत्र के जाप से स्वागत, लाओ रामायण का मंचन, बौद्ध भिक्षुओं से आशीर्वाद,

प्रधानमंत्री मोदी लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओ रामायण का एक मनमोहक एपिसोड देखा, जिसे फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम के नाम से भी जाना जाता है। आसियान–भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अपने दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओस पहुंचे। लाओस के गृह मामलों के मंत्री विलायवोंग बौदाखम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लाओस में पीएम मोदी का गायत्री मंत्र के जाप के साथ स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाओस में वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में भाग लिया। इसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए वट फू मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार और संरक्षण को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओ रामायण का एक मनमोहक एपिसोड देखा, जिसे फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम के नाम से भी जाना जाता है। इस अद्भुत प्रदर्शन ने भारत और लाओस द्वारा साझा की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया, जो दोनों देशों के बीच स्थायी बंधन को उजागर करता है। 'फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम' के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है। यह प्रस्तुति भारत–लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी।



## मैक्सिको ग्वाटेमाला सीमा के समीप सेना की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत

ट्रक में सवार अन्य 17 प्रवासियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उसमें कुल 33 प्रवासी सवार थे। आम तौर पर इसी इलाके से प्रवासियों की तस्करी की जाती है, जिन्हें अक्सर मालवाहक ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है। मैक्सिको के ग्वाटेमाला की सीमा के समीप एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। रक्षा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने दावा किया कि जब सोमवार

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच जयशंकर–ब्लिंकन की मुलाकात, क्या शांति के प्रयासों को मिलेगी सफलता ?

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने वेस्ट एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने पर कमिटमेंट जाहिर की है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के हेडक्वार्टर श्फॉगी बॉटमश में बैठक के बाद ब्लिंकन ने कहा कि श्अमेरिका और भारत क्षेत्रीय और ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और रीजनल सिक्योरिटी को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। वहीं, जयशंकर ने कहा कि वॉशिंगटन में ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वॉड बैठकों पर चर्चा की। हमारी बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने, वेस्ट एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप और इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम शामिल थे।उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया बाइलैटरल बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने यूक्रेन के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के महत्व को दोहराया। जयशंकर ने डेलावेयर में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच शानदार बैठक और सार्थक क्वाड बैठक के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया इससे पहले दिन में जयशंकर ने शीर्ष अमेरिकी 'थिंक–टैंक' कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में एक चर्चा में भाग लिया।



## हम शांतिप्रिय देश, एक–दूसरे का करते हैं सम्मान,एसियन–इंडिया शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के साथ विकास साझेदारी में भारत के मानव–केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया और बताया कि कैसे 300 आसियान छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति से लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान –इंडिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मैंने भारत की एक्ट–ईस्ट नीति की घोषणा की थी। पिछले एक दशक में इस नीति ने भारत और आसियान देशों के संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरा मानना घ्है कि 21वीं सदी इंडिया और आसियान देशों की सदी है। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष और तनाव की स्थिति है, भारत और आसियान की मित्रता, संवाद और सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले 10 वर्षों में हमारा आसियान क्षेत्रों के साथ हमारा व्यापार लगभग दो गुना होकर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। आज भारत ने 7 आसियान देशों के साथ डायरेक्ट फ्लाइट कनेक्टिविटी है और जल्द ही ब्रुनेई के साथ भी सीधी उड़ानें शुरू होंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के साथ विकास साझेदारी में भारत के मानव–केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया और बताया कि कैसे 300 आसियान छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा नेटवर्क ऑफ यूनिवर्सिटी लॉन्च किया गया है। लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, इंडोनेशिया में साझी विरासत और संरक्षण के लिए काम किया गया है। भारत ने कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारत–आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, हरित कोष और डिजिटल कोष में 30 मिलियन डॉलर का योगदान भी दिया है। पीएम ने कहा कि भारत और आसियान पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ में भागीदार हैं और दुनिया में तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम शांतिप्रिय देश हैं, एक–दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं और हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरा मानना घ्है कि 21वीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है।




## बंगलादेश ने उठाया बड़ा कदम, अपने राजदूतों को भारत से वापस बुलाया

रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। शेख हसीना के पद से हटने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़े राजनयिक फेरबदल में भारत के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन, नई दिल्ली में दूतों और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन को तुरंत राजधानी ढाका लौटने का आदेश दिया। यह कदम बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव से पहले उठाया गया है। हालाँकि राजनयिकों को वापस बुलाने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। विश्लेषकों के अनुसार सत्ता में फेरबदल के बाद राजनयिक प्राथमिकताओं को फिर से संरेखित करने के अंतरिम सरकार के प्रयासों का हिस्सा हो सकती है। रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। यह कदम ऐसे समय में आया है जब दक्षिण एशियाई देश में कई तरह के बदलाव देखने को मिले हैं। विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना को इस्तीफा देने और भारत भागने के लिए मजबूर होने के बाद मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला। हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले छात्र–नेतृत्व वाले आंदोलन के परिणामस्वरूप 700 से अधिक लोग मारे गए, जिससे भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण हो गए।यह देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच भी आया है। हसीना को हटाए जाने के तुरंत बाद, हिंदुओं और मंदिरों पर हमलों की खबरें सामने आईं। इसके बाद देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों पर 5 अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद कम से कम 205 हमले हुए।



## इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार हो गया था नसरल्लाह, लेबनान के मंत्री का दावा,

हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया। (लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियों द्वारा जारी किया गया था। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बौ हबीब ने सीएनएन को बताया कि बेरूत में इजरायली हवाई हमले में मारे जाने से कुछ दिन पहले ही हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 21 दिनों के युद्धविराम पर सहमति जताई थी। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मुलाकात के बाद बाइडेन, मैक्रों और अन्य सहयोगियों द्वारा अस्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया था। सितंबर के मध्य में समूह द्वारा इस्तेमाल किए गए पेजर और वॉकी–टॉकी के कई विस्फोटों के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल को दोषी ठहराए जाने के बाद युद्धविराम की मांग उठी। हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया। (लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियोंद्वारा जारी किया गया था। लेबनानी विदेश मंत्री के अनुसार, व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन युद्धविराम समझौते पर बातचीत करने के लिए लेबनान जाने वाले थे। हबीब ने कहा कि उन्होंने हमें बताया कि श्री नेतन्याहू इस पर सहमत है

और इसलिए हमें इस पर हिजबुल्लाह की सहमति भी मिली और आप जानते हैं कि तब से क्या हुआ।



स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक,**सम्पादक कपिल देव शुक्ल** द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं025 लोलेपुर सुलतानपुर उ० प्र०. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट, पो० व थाना कुरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ०प्र०) से प्रकाशित **सम्पादक– कपिल देव शुक्ल**,
मो० 9415739288,9721748962
E-mail: kdshukla-79@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।